पत्र सं0– 170/अधि0शै0/भाविवि/2024 दिनांकः 09 सितम्बर, 2024

कार्यालय–ज्ञाप

अधिष्ठाता शैक्षणिक कार्यालय के पत्र संख्या–165/दिनांक 29 अगस्त 2024 के माध्यम से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024–25 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों के स्नातक (तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर) तथा परास्नातक (तृतीय सेमेस्टर) का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क दिनांक 08 सितम्बर 2024 तक विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल http://kmclu.samarth.edu.in के माध्यम से जमा करने हेतु समयसीमा निर्धारित की गयी थी।

उपरोक्तानुसार माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदानोपरान्त सत्र 2024–25 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों के स्नातक (तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर) तथा परास्नातक (तृतीय सेमेस्टर) का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा करने की समयसीमा बिना किसी विलम्ब शुल्क के दिनांक 13 सितम्बर 2024 विस्तारित की जाती है।

अतएव अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि **दिनांक 13 सितम्बर 2024 तक प्रत्येक दशा में अपना सेमेस्टर शुल्क जमा** करना सुनिश्चित करें।

(प्रो0 सौबान सईद)
अधिष्ठाता–शैक्षणिक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव कार्यालय, कुलसचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्ताधिकारी कार्यालय, वित्त अधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ।
4. समस्त शिक्षकों को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षा नियंत्रक।
6. नोडल अधिकारी–समर्थ।
7. वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
8. समस्त सूचना पटल।
9. गार्ड फाइल।

(प्रो0 सौबान सईद)
अधिष्ठाता–शैक्षणिक